हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 10 सितंबर 2025


04 कृषि मंडी के मुनीम से फिर हुई 15 लाख रुपए की...



08 जिले में बढ़े सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द...





## खबर संक्षेप

### शिविर में पुलिस के जवानों ने किया रक्तदान



**विदिशा।** मंगलवार को गुलाबगंज परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान थाना स्टाफ सहित गुलाबगंज के नागरिकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक ऑफिसर डॉ. राजेन्द्र कुशवाह, थाना प्रभारी निरीक्षक मोहर सिंह, थाना स्टाफ एवं पीएचसी गुलाबगंज की मेडिकल टीम ने विशेष भूमिका निभाई।

### 156 के खातों में तीन करोड़ 51 लाख जमा

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के विदिशा जिले के 156 हितग्राहियों के बैंक खातों में 3 करोड़ 51 लाख रुपए की राशि जमा की। विधायक मुकेश टंडन ने हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदाय करने से पूर्व उन्हें संबोधित किया और कहा कि शासन की इस जन हितेषी कल्याणकारी योजना से प्राप्त राशि का सदउपयोग कर परिवार के सभी सदस्यों के जीवन में परिवर्तन लाएं।

### विधायक रहे सूर्यप्रकाश सक्सेना का निधन हुआ

**विदिशा।** विधानसभा विदिशा से कांग्रेस के दूसरे विदिशा विधायक



रहे सूर्यप्रकाश सक्सेना का 89 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज बुधवार को सुबह 11:30 बजे निज निवास रामद्वारा जैन मंदिर के पास से निकाली जाएगी। 1972 में वह विदिशा से विधायक भी रहे।

### सीमन से केवल बछिया या पड़िया ही पैदा होगी

**विदिशा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा आधुनिक एवं नवीन तकनीक से कृत्रिम गर्भाधान किया जा रहा है। इस तकनीक से गाय या भैंस से लगभग 90%केवल बछिया या मादा पड़िया ही पैदा होते हैं। शासन द्वारा इस तकनीक से कृत्रिम गर्भाधान करने हेतु सीमेन डोज का शुल्क प्रति डोज मात्र 100 रुपए रखा गया है। स्वयंसेवी गौ सेवक एवं मैत्री कार्यकर्ता आदि 100 रुपए के साथ अपना समुचित पारिश्रमिक भी पशुपालक से कृषि में मशीनीकरण के कारण बैलों एवं पाड़ो का उपयोग बहुत कम हो गया है। जिसके कारण वह वह आवारा घूम रहे हैं। इसलिए इस यह नई तकनीक इजात की गई है।

### ओलंपस में बुजुर्गों ने बच्चों संग मनाया दादा-दादी, नाना-नानी दिवस

**विदिशा।** ओलंपस हाई विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दादा दादी और नाना नानी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए जिन्हें देख सभी बुजुर्ग अभिभूत हो गए। दादा दादियों ने भी अपने नन्हों को खुश करने में कोई कमी नहीं छोड़ी और मंच पर अपनी प्रतिभाओं का भी प्रदर्शन किया। किसी ने नृत्य तो किसी ने गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी। बुजुर्गों के इस जोश को देखकर सभी स्टाफ़ भावुक हो गया और दादा दादी, नाना नानी की आखों में बच्चों के प्रति असीम प्रेम भी देखने को बनता था। बुजुर्गों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर मनोरंजित होने का कोई मौका नहीं छोड़ा। इस आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी सी एल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अशोक कोठारी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी और संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया की बुजुर्गों के इस आनंदमय कार्यक्रम से विद्यालय परिवार, बच्चे और अभिभावक आनंदित हुए।

# खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने चक्काजाम किया, अधिकारियों ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खाद की कमी से किसानों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है। कुआंखेड़ी और भेरोखेड़ी गांव के किसानों ने डीएपी और यूरिया कम मात्रा में मिलने का विरोध करते हुए मंगलवार को सड़क पर चक्काजाम कर दिया।

किसानों का कहना था कि समिति से 50 बीघा जमीन पर मात्र 1-2 बोरी डीएपी खाद मिल रही है। जबकि एक किसान को कम से कम 10 बोरी खाद की आवश्यकता है। किसान सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि समिति से खाद नहीं मिलने के कारण वे मजबूरी में 2 हजार रुपए प्रति बोरी की दर से ब्लैक में खाद खरीद रहे हैं। सरपंच जितेंद्र सिंह राजपूत के अनुसार यह समस्या पिछले 3 वर्षों से चली आ रही है। बार-बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। गांव के किसान मनीष राजपूत ने बताया कि खाद की कमी से फसल को नुकसान का खतरा है। चक्काजाम के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को आश्वासन दिया तब कहीं जाकर किसान सड़क से हटे।



**विदिशा।** चक्काजाम की सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों को खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। किसानों ने चेतावनी दी है कि समस्या का जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



**विदिशा।** हाईवे पर चक्काजाम की सूचना पर बड़ी संख्या में पुलिस जवानों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला।

## भाजपा और कांग्रेस दोनों दल के पार्षद होंगे शामिल, लिए जाएंगे निर्णय

# नगरपालिका में चल रहे विवादों के बीच पीआईसी की बैठक आज, नहीं खुले चेंबर

नगरपालिका में चल रही खींचतान के बीच आज नगरपालिका की पीआईसी की बैठक होने जा रही है। नपा की पीआईसी की बैठक में शहर विकास के मुद्दों पर चर्चा के साथ विकास कार्यों की रूपरेखा तय की जाएगी। जिससे रुके हुए कार्य शीघ्र हो सकें।

नपा में आज होने वाली पीआईसी की बैठक कई मायनों में अहम मानी जा रही है। एक तरफ नपा में घमासान चल रहा है तो दूसरी ओर आज होने वाली इस बैठक में शहर विकास के मुद्दों पर चर्चा की जानी है। बैठक के बाद यह साफ हो पाएगा की शहर के किन किन विकास कार्यों पर मोहर लगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नपा में नई पीआईसी के गठन के बाद नए बनाए गए सभापतियों को अब तक चेंबर नहीं मिल पाए हैं। दो बैठकों में अनुपस्थित होने पर नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा चार सभापतियों को पीआईसी से बाहर कर दिया है। इस घटनाक्रम के बाद यह पहली बैठक होने जा रही है।

नगरपालिका अध्यक्ष ने उनके स्थान पर नए पार्षदों को मौका देते हुए सभापति बना दिया है, लेकिन उन्हे मिलने वाले चेंबरों में ताले डले होने के कारण अभी तक उन्हे चेंबर नहीं मिल सके। हालांकि नए चेंबरों के ताले खुलवाने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष द्वारा पत्राचार भी किया गया। यहां तक की खुद नपाध्यक्ष ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर सभापतियों के चेंबर खोले जाने की मांग की। इसके बाद भी कोई हल नहीं निकल सका। लंबे समय से नगरपालिका में चल रही इसी खींचतान के कारण जिन विकास कार्यों के टेंडर हो चुके थे वह भी रुके पड़े हैं। वहीं सीसी और डामर की सड़क बनने में भी पेंच फंसा होने के कारण सड़कों का भी निर्माण नहीं हो पा रहा है। सड़कों की हालत बेहद खराब होने के बाद भी नगरपालिका सिर्फ गड्ढे ही भरने का काम कर रही है। इधर शहर में इस बात की भी चर्चा है कि जब तक नगरपालिका में चल रहा यह विवाद खत्म नहीं होगा शहर की ऐसी ही स्थिति रहेगी और जैसे ही यह विवाद सुलझ जाएगा तो शहर में विकास कार्य शुरू हो जाएंगे।

इसी बीच कांग्रेस भी शहर की खराब सड़कों को लेकर प्रदर्शन और अधिकारियों को ज्ञापन दे चुकी, लेकिन विकास से संबंधित कोई काम शुरू नहीं हो सका। विदिशा में भाजपा नेताओं की आपसी खींचतान के चलते भाजपा संगठन की मर्यादा तार-तार हो रही है। तो वहीं विकास कार्यों पर तो ग्रहण सा लग गया है। भाजपा नेताओं की आपसी लड़ाई में प्रशासन मोहरा बना हुआ है और नये कार्यों रुक गये हैं। झगड़ा इस हद तक पहुंच गया है कि विधायक और नपाध्यक्ष एक दूसरे के कार्यों की जांच करवा रहे हैं।





**विदिशा।** नपा कार्यालय में आज पीआईसी के बैठक में लिए जाएंगे निर्णय।

### यह बनाए हैं सभापति

नई पीआईसी में चार पार्षद को मौका दिया गया था। जिनमें पार्षद मनीषा अखिलेश राजपूत, संध्या राजेश लोधी, बालमुकुंद चिड़ार और संतोष सोनी शामिल हैं। उन्हे अब तक चेंबर नहीं मिल सके हैं। वहीं पार्षद संगीता धर्मेंद्र सक्सेना और कंचन तीरथ दरबार और कपिल साहू को दोबारा पीआईसी में जगह दी गई है।

## सोशल मीडिया में किया आपत्तिजनक पोस्ट का मामला

# मानवाधिकार आयोग सदस्य पहुंचे थाने, धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला दर्ज



**विदिशा।** आरोपी पर मामला दर्ज कराने थाने पहुंचे मानवाधिकारी आयोग सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गणेश स्थापना के दिन एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद मामला तूल पकड़ गया। आरोपी जितेंद्र जैन ने फेसबुक पर गणपति को लेकर विवादित टिप्पणी की थी। इस पर हिंदू समाज के लोगों ने कड़ी आपत्ति जताई।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो सोमवार की देर रात कोतवाली थाना पहुंचे। फरियादी नितिन सिरभैया ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर जितेंद्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। फरियादी नितिन सिरभैया के अनुसार आरोपी ने इससे पहले भी भगवान शिव को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। विरोध के बाद उसने माफी मांगी थी और दोबारा ऐसा न करने का वादा किया था, लेकिन अब उसने फिर से धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि जितेंद्र जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### लोक अदालत 13 सितंबर को, 9 हजार मामले रखे जाएंगे 34 खंडपीठ गठित

**विदिशा।** जिले में 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। जिला न्यायालय परिसर में इसकी तैयारियां चल रही हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेख सलीम ने मंगलवार को प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बार लोक अदालत में 34 खंडपीठों का गठन किया गया है। पिछले साल 2053 मामलों का निराकरण हुआ था। इस वर्ष 9252 मामले रखे गए हैं। प्रधान न्यायाधीश ने पक्षकारों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। लोक अदालत में समझौते से केस का निपटारा होने पर कोर्ट फीस वापस हो जाती है। लोक अदालत के निर्णय के खिलाफ कोई अपील नहीं की जा सकती। लोक अदालत संयोजक जीसी शर्मा और अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ने बताया कि यहां फैसला अंतिम होता है। लंबे समय तक चलने वाले मुकदमों से राहत मिलती है। चेक बाउंस जैसे मामलों में भी समझौते कराए जाते हैं।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं हल करने अफसरों को तत्काल दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने मंगलवार को हुई जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में 166 आवेदन आए। मौके पर 95 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही कर निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश विभागों के अधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने स्वंय आवेदकों से उनकी समस्याएं सुनीं। कलेक्टर को करैयाखेड़ा रोड निवासी नर्वदाप्रसाद अहिरवार ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने आवेदन दिया। जिसका परीक्षण कर पात्रता अनुसार पेंशन दिलाने के निर्देश दिए गए। ग्राम कालू आमखेड़ा के आवेदक निरपद सिंह ने अपनी पत्नी विमला बाई की वृद्धावस्था पेंशन बंद होने की शिकायत दर्ज कराई हैं। जिस पर क्षेत्र के तहसीलदार को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देश दिए गए। वहीं जय गुरूदेव कॉलोनी के आवेदक गंगाराम साहू ने आवास दिलाए जाने आवेदन दिया। आवेदक को आवास आवंटन की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए पीएम शहरी आवास योजना के तहत जतरापुरा में बन रहे आवासों में से निर्धारित शुल्क जमा कर आवास दिलाए जाने हेतु अवगत कराया गया है। कुशवाह धर्मशाला समिति शमशाबाद के आवेदकों ने नाले पर अतिक्रमण हटाने की मांग की। कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए।



**विदिशा।** जनसुनवाई के दौरान आवेदकों की समस्याएं सुनते कलेक्टर।

### गुमशुदा नाबालिग बच्ची गुना में मिली

**विदिशा।** पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है। त्योंदा क्षेत्र से 17 अगस्त को लापता हुई 12 वर्षीय बालिका को गुना जिले के ग्राम सिंगपुर से बरामद कर लिया गया है। त्योंदा पुलिस ने बच्ची को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर दिया है। यह कार्रवाई मुस्कान अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे और एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। त्योंदा थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी विश्लेषण किया। टीम ने सूचनातंत्र और रिश्तेदारों से पूछताछ के आधार पर बालिका को ढूंढ निकाला। बच्ची के गायब होने की शिकायत के बाद से विदिशा पुलिस लगातार गुमशुदा और अपहृत बच्चों की तलाश कर रही थी। पुलिस टीम प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी जाकर बच्चों को ढूंढा। इससे पहले भारत-पाकिस्तान सीमा से शमशाबाद की एक नाबालिग बच्ची को बरामद किया गया था।

# टीलाखेड़ी और विट्ठलनगर के दो सूने मकानों में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बीती रात चोर सिविल लाइन थाना क्षेत्र के टीलाखेड़ी में राकेश अहिरवार के मकान से चोर डेढ़ लाख रुपए का माल चुरा ले गए। परिवार गांव गया हुआ था। सीसीटीवी फुटेज में चार चोर मकान में घुसते और चोरी करते हुए नजर आए। चोरों ने जेवर, नगदी और अन्य सामान चुराया। दूसरी वारदात कोतवाली थाना क्षेत्र के विट्ठल नगर में हुई। यहां भी चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया।

मकान मालिक का परिवार जयपुर गया हुआ है। चोरी का आकलन परिवार के लौटने के बाद ही हो पाएगा। पुलिस ने उन्हें सूचना दी है। चोरी की इस घटनाओं के बाद पुलिस सर्तक हो गई है और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है।

### अभी परिवार बाहर



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत चौबे ने बताया कि पिछली कई चोरी की वारदातों का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस घटना को लेकर भी पुलिस टीम सक्रिय है। तकनीकी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज के अनुसार विट्ठलनगर की घटना में चोरी का आकलन परिवार के लौटने पर ही हो सकेगा।

## मुक्तिधाम जीर्णोद्वार योजना को अमल में लाने के लिए मुख्यमंत्री का माना आभार

# जिपं अध्यक्ष के प्रयास से जिलेभर के मुक्तिधाम को अतिक्रमण मुक्त कर अंतिम यात्रा को सुगम बनाने का रास्ता हुआ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मप्र में वर्ष 2026 तक सभी ग्राम पंचायतों और उनसे जुड़े गांवों में सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम और पहुंच मार्ग बनाने की घोषणा पर जिला पंचायत ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी के नेतृत्व में पंचायत सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री निवास पहुंचा और उनका अभिनंदन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में प्रदेश ने हमेशा धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। मुक्तिधाम जीर्णोद्वार की यह घोषणा न केवल प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि एक नए युग की शुरुआत है।

### इसलिए जताया आभार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्व सुविधायुक्त मुक्तिधाम के प्रस्ताव को ए-प्लस सीएम मॉनिट में शामिल कर इसे गंभीरता से आगे बढ़ाया। ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग ने विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया और 2 सितंबर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने सर्कुलर जारी कर दिया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि अब 5वें राज्य वित्त आयोग की राशि से श्मशान घाट और पहुंच मार्ग का निर्माण होगा। राशि कम पड़ेगी तो दूसरे मद से काम कराया जा सकेगा।



**विदिशा।** मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए जिपं अध्यक्ष व सदस्यगण।

### निर्माण की प्रमुख बातें

प्रत्येक गांव में श्मशान के लिए भूमि आरक्षित होगी। भूमि की संपूर्ण रूप से फैंसिंग कराई जाएगी। श्मशान स्थल तक सालभर निर्बाध पहुंच मार्ग उपलब्ध होगा। भूमि पूरी तरह अतिक्रमण से मुक्त रखी जाएगी। एक श्मशान घाट पर लगभग 3 से 4 लाख रुपए तक का खर्च अनुमानित है। यह व्यवस्था ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सचिव, रोजगार सहायक, पंचायत समन्वय अधिकारी, संबंधित उपयंत्री, जप स्तर पर सहायक यंत्री, कार्यपालन अधिकारी, खंड पंचायत अधिकारी, जिला स्तर पर कार्यपालन यंत्री, सीईओ बनाएंगे।

### नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने शहर की बदतर हालत उजागर करते हुए जनसुनवाई में दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई में नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को आवेदन देकर शहर की समस्याओं को उठाया। ज्ञापन में कहा गया है कि वार्ड में नगरपालिका द्वारा विकास कार्य नहीं कराए जा रहे। शहर की स्थित बदतर होती जा रही है।

सड़कों का निर्माण नहीं हो पा रहा। आम नागरिकों को हो रही समस्याएं उठाते हुए उन्होंने कलेक्टर से विकास कार्यों में गति लाने की मांग की है।



## बासौदा मंडी भाव

गेहूं शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3385
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2550
उच्चतम भाव- 2801
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2557
उच्चतम भाव- 2645
चना
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-6125
मसूर
न्यूनतम भाव-5310
उच्चतम भाव-8000
तेवडा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव- 3360
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2120
उच्चतम भाव-4622
सरसों
न्यूनतम भाव-5701
उच्चतम भाव-7760
मूंग
न्यूनतम भाव-2950
उच्चतम भाव- 7230
धान
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव- 3105
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव- 6700
अलसी
न्यूनतम भाव-6900
उच्चतम भाव-7020
धनिया
न्यूनतम भाव-6250
उच्चतम भाव- 6500
बटरी
न्यूनतम भाव-2935
उच्चतम भाव- 2935

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 6807 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

### दो बदमाशों ने किया रास्ते में हमला, असफल रहने पर भाग निकले

# कृषि मंडी के मुनीम से फिर हुई 15 लाख रुपए की लूट की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार की दोपहर नगर में स्थित बैंक से 15 लाख रूपए लेकर कंजना पठार स्थित नवीन कृषि मंडी जा रहे एक फर्म के मुनीम के साथ दो अज्ञात बदमाशों ने लूट की कोशिश की। बदमाशों के हमले में घायल होने के बाद भी मुनीम ने रूपयों से भरा बैग नहीं छोडा और इस बीच राहगीरों के आने पर बदमाश मुनीम को गंभीर रूप से घायल छोडकर भाग निकले। बाद में पुलिस ने घायल मुनीम को उपचार के लिए भर्ती कराया और उसकी शिकायत पर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी स्थित फर्म यश ट्रेडिंग कंपनी के मुनीम अमित रघुवंशी रोज की तरह मंगलवार को भी बरेठ रोड स्थित एचडीएफसी बैंक से 15 लाख रूपए निकालकर पिट्टू बैग में रखकर अपनी बाइक से मंडी जा रहे थे। दोपहर करीब 1 बजे ओसवाल गार्डन के पास पुलिया पर दो अज्ञात युवक बैठे हुए थे और जैसे ही अमित की बाइक उनके पास पहुंची, तभी उनमें से एक आरोपी ने अमित पर रॉड से हमला कर दिया। अमित के अनुसार उन पर हमला होते ही वे बाइक से गिर गए और दोनों बदमाशों ने उनके साथ मारपीट करते हुए बैग छीनने की कोशिश शुरू कर दी, लेकिन उन्होंने कुछ देर तक लगातार संघर्ष किया और बदमाशों को बैग छीनने नहीं दिया। इस बीच वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार ने इस संघर्ष को देखकर अपनी बाइक रोकी तो बदमाश उसे देखकर भाग निकले।
अमित के अनुसार बदमाशों में से एक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष और दूसरे की उम्र 25 से 26 वर्ष थी। वे भागते समय एक जूता और रॉड मौके पर ही छोड गए। बदमाश घटना स्थल से नगर की ओर ही भागे थे। उधर इस घटना की जानकारी मिलते ही मंडी व्यापारियों ने नीलामी बंद कर दी और घटना स्थल पर पहुंचकर घायल अमित को पुलिस की मदद से थाने लेकर पहुंचे। जहां पुलिस ने घायल अमित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है और अमित को अस्पताल में भर्ती कर उसका उपचार कराया जा रहा है।
उधर इस घटना के बाद व्यापारियों और मंडी कर्मचारियों में रोष व्याप्त हो गया। सभी ने थाने पहुंचकर घटना का विरोध दर्ज कराया और पुलिस एवं प्रशासन से सुरक्षा की मांग की। मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष सतीश कटारे का कहना था कि नवीन कृषि मंडी में कार्य शुरू करते समय प्रशासन ने शीघ्र सुरक्षा एवं बैंकिंग व्यवस्था आदि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक दोनों ही आश्वासन पर कोई काम नहीं हुआ है। परिणाम यह निकला है कि पिछले तीन साल में लूट की प्राणघातक वारदातों सहित दर्जनों चोरी एवं नकबजनी की वारदातें हो चुकी है। व्यापारी संघ अध्यक्ष के अनुसार अब मंडी व्यापारी उपज नीलामी का भुगतान ऑनलाइन करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि इस तरह की लूट की वारदातें न हो सकें और मंडी व्यापारियों एवं कर्मचारियों की जान बची रहे।





इस संबंध में कोतवाली टीआई संजय बेदिया का कहना है कि मामले में सीसी टीवी कैमरों की जांच करते हुए आरोपियों की पहचान करने और उनका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। उम्मीद है कि शीघ्र ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## एसडीएम ने ली स्कूल संचालकों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को एसडीएम संतोष बिटोलिया ने एसडीओपी शिखा भलावी, तहसीलदार अरविंद यादव की मौजूदगी में शिक्षा अधिकारियों और स्कूल संचालकों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने स्कूल वाहन से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों से सभी को अवगत कराया और उनका पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि न्यायालय द्वारा स्कूल वाहनों के संबंध में मापदंड निर्धारित किए गए हैं, जिनमें वाहन का रंग पीला होना चाहिए, वाहन के आगे और पीछे स्कूल वाहन लिखा होना चाहिए, वाहन में प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड बॉक्स होना चाहिए, निर्धारित मानक के अनुसार गति नियंत्रक यंत्र होना चाहिए, खिडकियों पर हॉरिजेंटल ग्रिल्स होना चाहिए, अग्निशमन यंत्र की सुविधा हो, वाहन में स्कूल का नाम एवं दूरभाष नंबर अंकित हो, वाहन में प्रवेश एवं निर्गम के अलग अलग द्वार हों, वाहन में शिक्षित प्रशिक्षित परिचालक हों, वाहन के ताले ठीक स्थिति में होना चाहिए। बैठक में अधिकारी कर्मचारियों सहित बीआरसी सहित विभिन्न विद्यालयों के संचालक उपस्थित थे।

## यश जैन ने पाया विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान, मिला गोल्ड मैडल

**गंजबासौदा।** नगर के एक महाविद्यालय के बीकॉम के छात्र यश जैन ने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल लाकर नगर एवं महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यश जैन नगर के प्रसिद्ध वस्त्र व्यवसायी अरविंद जैन और अमृता कमलश्री जैन केवलारी वालों के पुत्र हैं। यश ने बीकॉम की परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया और इसी उपलक्ष्य में गत दिवस भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे मिंटो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने यश को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुल 26 विद्यार्थियों को गोल्ड मैडल प्रदान किए गए हैं। यश गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले नगर के जैन समाज से एकमात्र छात्र हैं। यश की इस उपलब्धि पर सकल जैन समाज, नागरिकों, परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उसे बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## विकासखंड स्तरीय दिव्यांग शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को विकासखंड स्तरीय दिव्यांग छात्रों के लिए विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन मानस भवन बासौदा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं आरोग्य भारती (RSS) भोपाल महानगर अध्यक्ष डाक्टर अभिजीत देशमुख शामिल हुए। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से चन्द्र प्रकाश साहू एवं डीपीसी कार्यालय से एपीसी ज्योति केदारे सहित बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी, एमआरसी रितेश देशमुख सहित समस्त सीआरसी, शिक्षकों ने अपनी शालाओं में अध्ययनरत छात्रों के साथ शामिल हुए। शिविर में शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय से डॉक्टर प्रमोद दीवान सहित सभी चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा। दिव्यांग छात्रों ने शिविर का लाभ लिया,जिसमें विकासखंड बासौदा के कक्षा 1 से 12 तक अध्ययनरत छात्रों ने अपने पालकों के साथ आकर भाग लिया। पात्र छात्र /छात्राओं के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए एवं श्रवण परीक्षण, बौद्धिक परीक्षण, नेत्र परिक्षण, अस्थि परीक्षण सहित छात्रों के विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। ऐसे छात्र/छात्रा जिनके विकलांगता का प्रतिशत 40 प्रतिशत है या इससे अधिक है उन्हें शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र देने की कार्रवाई की गई और प्रमाण पत्र बनाए गए। शिविर में दूर दराज ग्रामों से आये दिव्यांग छात्रों ने सहभागिता की। शिविर में आये समस्त छात्रों को भोजन के पैकेट प्रदान किए गये। शिविर में 136 छात्र /छात्राओं का पंजीयन किया गया, जिसमें बेरा टेस्ट 04, मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए गए और जिसमें कक्षा 9 से 12 के 29 छात्र एवं कक्षा 1 से 8 के छात्र/छात्राएं शामिल हुए और 71 छात्र/छात्राओं को उपकरण वितरण के लिए चिन्हांकित किया गया जिन्हें अगले शिविर में उपकरण वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। हमें दिव्यांग़जनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास करने होंगे जिससे शासन की योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत ले सकें।

## खबर संक्षेप

### साक्षरता दिवस मनाया



**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि प्रतिवर्ष 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर हम लोग यही सोचते हैं कि साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना लिखना जानना है लेकिन यह शिक्षा और साक्षरता का अंतिम लक्ष्य नहीं है। दरअसल शिक्षा का अर्थ केवल किताबें और परीक्षाओं तक सीमित भी नहीं है शिक्षा वह है जो व्यक्ति को बेहतर नागरिक बनाए। आत्मनिर्भर बने समाज को सशक्त करें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे आज भी दुनिया भर में 77.3 करोड़ लोग निरक्षर हैं वहीं भारत में 25 करोड लोग निरक्षर हैं। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक 100% साक्षरता प्राप्त की जाए। अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर गोपाल सिंह ठाकुर, दीपक तिवारी, मनोज ऐलिया, जगदीश तिवारी आदि पाठक गण उपस्थित थे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग को किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत अपहृत बालिका को दस्तयाब किया गया है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा डॉ. प्रशांत चौबे के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम त्योंदा द्वारा त्वरित कार्रवाई कर नाबालिक लडकी को दस्तयाब किया गया है। दिनांक 04.09.25 को फरियादिया निवासी ग्राम सतपाडा कला ने अपनी नाबालिक लडकी उम्र 13 साल 09 माह को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट की थी। जिस पर थाना त्योंदा में धारा 137(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान सूचना प्राप्त होने पर अपहर्ता नाबालिक लडकी को ग्राम सतपाडा कला से दस्तयाब कर कथन लेख किए एवं न्यायालय में धारा 183 बीएनएसएस के कथन उपरांत पीडिता को उसके पिता को सही सलामत हालत में सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक बबीता सिंह चौधरी, उनि. जे.पी. मालवीय ,आर. सुभाष चंद्र ,प्रदीप अलाबा, महिला आरक्षक खुशबू यादव की अहम भूमिका रही।

## छात्रा को किए आपत्तिजनक मैसेज,अतिथि विद्वान पर प्रकरण दर्ज, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में पदस्थ एक अतिथि विद्वान द्वारा छात्रा को आपत्तिजनक मैसेज भेजने का मामला सामने आया। इस मामले की जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय पहुंचकर इस घटना का जमकर विरोध किया। इस मामले की जानकारी मिलते ही एसडीओपी शिखा भलावी, टीआई देहात थाना मनोज दुबे, कोतवाली टीआई संजय बेदिया आदि मौके पर पहुंचे और अतिथि विद्वान को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। बाद में उसे जेल भेज दिया गया। अभाविप ने इस मामले में प्रशासन से अतिथि विद्वान को महाविद्यालय से हटाने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर सरताज परे उम्र 39 साल ,निवासी गैलेक्सी प्लाजा इब्राहिमपुरा भोपाल, अप्रैल 2025 से सुभद्रा शर्मा शासकीय गर्ल्स कॉलेज में अतिथि विद्वान के पद पर पदस्थ है। वह मूलनिवासी ग्राम सोनावाडी ,थाना सोना वाडी जिला बाडीपोरा, जम्मू कश्मीर का है और लगभग 15 वर्षों से भोपाल में निवास करता है। उसने ग्रेजुएशन श्रीनगर से किया है और पीजी अंग्रेजी विषय में भोपाल से किया है, पीएचडी इन इंग्लिश भी बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल से की है। वह भोपाल में पत्नी व दो बच्चों के साथ निवास करता है जबकि उसके माता-पिता जम्मू कश्मीर में रहते हैं। छात्रा की शिकायत में बताया गया है कि आरोपी पिछले कुछ दिनों से आपत्तिजनक मैसेज व्हाट्सएप पर भेज रहा था। मामले में छात्रा की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध देहात थाने में धारा 74, 75 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। साथ ही आरोपी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है,जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।
बताया जाता है कि आरोपी अतिथि विद्वान पर सार्थक एप पर ऑनलाइन उपस्थिति के मामले में कार्रवाई की गई थी, जिसके बाद वह उच्च न्यायालय से स्टे लेकर वापस आ गया था।

### वेदांत आश्रम में भेंट किया साउंड सिस्टम

**गंजबासौदा।** वेदांत आश्रम मंदिर की दैनिक प्रार्थना एवं धार्मिक उत्सव कार्यक्रमों के लिए वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व चिकित्साधिकारी डॉक्टर शशांक शेखर भार्गव द्वारा साउण्ड सिस्टम जेनोनिक्श भेंट किया गया। डॉ भार्गव अन्य सेवाएं भी समय-समय पर देते रहते हैं जैसे बच्चों के लिए वस्त्र दवाई आदि। वेदांत आश्रम परिवार उनकी सेवाओं के लिए प्रभु से मंगल कामना करती है कि वह सुखी स्वस्थ एवं भक्तिमय रस जीवन जीते रहें।



### जाने अनजाने में हुई गलतियों की मांगी क्षमा

## चंद्रप्रभु जिनालय में मनाया क्षमावाणी महोत्सव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, चंद्रप्रभु नगर में पर्यूषण पर्व के उपरांत क्षमा वाणी महोत्सव मनाया गया। प्रातः अभिषेक शांतिधारा क्रियाविधि के उपरांत सामूहिक पूजन की गई। वहीं प्रातः 10 बजे से क्षमा वाणी महोत्सव मनाया गया। जिसमें 5 से अधिक उपवास करने वाले वृतियों का सम्मान मंदिर समिति द्वारा दिया गया। महावीर विहार में आयोजित श्रावक संस्कार शिविर में चंद्रप्रभु जिनालय से जुड़े शिविरार्थियों का तिलक एवं माला पहनाकर स्वागत किया। मंदिर परिसर में संचालित आचार्य विद्यासागर पाठशाला में बच्चों को निःशुल्क धर्म शिक्षा प्रदान करने वाली शिक्षिकाओं का सम्मान आयोजन स्थल पर मंदिर समिति द्वारा किया गया। श्री चंद्रप्रभु जिनालय के अध्यक्ष इंदरचंद जैन को क्षमा वाणी कार्यक्रम का पुण्यार्जक बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मंदिर समिति ने इंदर चंद जैन को पगड़ी एवं हार पहनाकर सम्मानित किया। सधर्मी बंधुओं ने एक दूसरे से वर्ष भर में जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए उत्तम क्षमा का संबोधन कर क्षमा याचना की। कार्यक्रम के उपरांत स्नेहभोज की व्यवस्था भी पुण्यार्जक परिवार द्वारा आयोजन स्थल पर की गई।

### पुलिस चला रही है अभियान

**गंजबासौदा।** नगर में इन दिनों पुलिस द्वारा रात्रि में बाजार बंद एवं नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाया जा रहा है। जिससे नागरिकों को राहत तो है, लेकिन उन्होंने दिन में अपराधियों के खिलाफ भी ऐसी कार्रवाई की मांग की है।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन दल ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कलेक्टर द्वारा टीएल बैठक में जारी निर्देशों के क्रम में एवं एसडीएम गंजबासौदा द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में आज खाद्य सुरक्षा प्रशासन विदिशा के निरीक्षण दल द्वारा बासौदा शहर स्थित किराना दुकानों एवं नया बस स्टैंड स्थित रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया।
रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों से संबंधित को अवगत कराया गया तथा साफ-सफाई एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन निर्माण कर नियमानुसार एवं शुद्धता के आधार पर विक्रय करने के निर्देश जारी किए गए। बरेठ रोड स्थित एवं सावरकर चौक स्थित किराना दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थ अचार, सूखी मटर ,फलारी पापड़ और राजगीर आटा के सैंपल जहां हेतु लिए गए। जिनको परीक्षण हेतु खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है। इस निरीक्षण कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं किरण श्रीवास्तव शामिल रहे।

### विसर्जन के बाद प्रतिमाओं के अवशेष उठवाए



**गंजबासौदा।** नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के आदेश अनुसार गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन ,के दौरान निकले अवशेष को नपा अमले ने उठवाकर उनका निराकरण श्रद्धा पूर्ण तरह से किया गया। ज्ञात हो कि रिपटा घाट एवं गंज पुल के पास नदी में विसर्जन के बाद बडी संख्या में अवशेष पडे रहते हैं। जिन्हें नपा अमले ने उठवाकर सम्मानजनक उनका निराकरण किया।

**Government of Madhya Pradesh**
Higher Education Department,
Govt Sanjay Gandhi Smriti College, Ganj Basoda
Bareth Road Kala Bagh Ganj Basoda Distt Vidisha (M.P.)
Phone. No: 07594-2220056
E mail address: hegsgseganvid@mp.gov.in

**Tender Notice -NIT No: 01/GSGSC/RFQ/2025-26/Furniture-Retender**

Govt Sanjay Gandhi Smriti College, Ganj Basoda, Higher Education Department, Madhya Pradesh invites request for Bid for Procurement of Goods- Supply, Installation, Testing, Commissioning of Furniture on Turn key basis -Retender-bid proposal to College. Interested bidders are requested to view the mptender.gov.in e-Portal for the Bid information from 10-09-2025 onwards. Last date of Submission on 03-10-2025. This Tender Notice Information will also be available https://www.highereducation.mp.gov.in/

**Principal**
**Govt Sanjay Gandhi Smriti College, Ganj Basoda**
**Higher Education Department**

### अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों के सर्वे की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

# कृषि एसडीओ पद चार माह से खाली, कैसे किसानों का कल्याण होगा:सुरेंद्र रघुवंशी ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

अतिवृष्टि से बर्बाद हुई सोयाबीन उड़द एवं मक्का की फसलों के सर्वे की मांग को लेकर मंगलवार को किसान नेता सुरेन्द्र रघुवंशी के नेतृत्व में दर्जनो किसानों ने तहसील कार्यालय पहुचकर उग्र प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। साथ ही प्रदर्शनकारी किसानों ने जमीन पर बैठकर उग्र प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को बताया कि अतिवृष्टि होने के कारण एवं इल्ली लगने से सिरोंज तहसील क्षेत्र के ज्यादातर गांव की सोयाबीन,उड़द और मक्का की फसल संपूर्ण नष्ट हो गई है।



किसान कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन ने अपनी ओर से अभी तक किसानों की बर्बाद हुई फसलों का सर्वे शुरू नहीं कराया है। किसानों के सामने अपनी फसले बर्बाद होने से गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है क्योंकि किसान की साल भर की मेहनत अतिवृष्टि के चलते बर्बाद हो गई है और उनके सामने अपने और अपने परिवार के जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया है। वही अगली फसल की तैयारी में किसानों को बेहद आर्थिक चुनौतियां आ रही हैं।

**चार माह से खाली पड़ा विभाग एसडीओ का पद** - इस मौके पर किसान नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में सिरोंज कृषि विभाग के एसडीओ का पद पिछले चार माह से खाली पड़ा हुआ है फिर कैसे किसानों का कल्याण हो पाएगा और उनके खेतों का सर्वे कृषि विभाग कैसे कर पाएगा। उन्होंने एसडीएम सिरोंज से मांग करते हुए कहा कि किसानो का रुका हुआ फसल बीमा तत्काल उनको दिलाया जाए और तत्काल सर्वे के आदेश जारी किए जाए। जिससे की फसल बीमा कंपनी के अधिकारी कृषि विभाग के अधिकारी एवं राजस्व के अधिकारियों की टीम बनाकर तत्काल सर्वे कराए।

**डीएपी, यूनिया के लिए भी भटक रहें किसान**

वही उन्होंने कहा कि किसानों को डीएपी और यूरिया डेढ़ माह से लगातार इंतजार करने के बाद भी नहीं मिल पा रहा है और किसानों में खाद के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है सरकार को चाहिए कि तत्काल किसानों को उनकी फसल के रकबे के अनुसार खाद्य प्रदान किया जाए। जिससे कि वह अपनी अगली फसल की तैयारी कर सकें। इस प्रदर्शन के दौरान सिरोंज तहसील क्षेत्र के ज्यादातर गांव के किसान अपनी बर्बाद हुई फसलों को लेकर पहुंचे। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राम सिंह पाल,अहमद खान,सुनील शर्मा,उस्मान, नरेंद्र रघुवंशी सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहें।

## आईजा महिला विंग की इंदौर संभाग अध्यक्ष मनीषा और जिला अध्यक्ष बनी सोना जैन

### आईजा महिला विंग प्रदेश कार्यकारणी का गठन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा मध्य प्रदेश आईजा महिला विंग की प्रदेश कार्यकारणी का गठन करते हुए लेखक एंव स्वतंत्र पत्रकार श्रीमति मनीषा जैन को इंदौर संभाग का अध्यक्ष नियुक्ति किया गया। साथ ही दैनिक स्वराज वाणी की प्रधानसंपादक सुश्री सोना जैन को इंदौर जिला का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।





उल्लेखनीय है कि पहली बार आईजा द्वारा पत्रकारो की महिला विंग का गठन किया गया है। इस मौके पर महिला विंग की इंदौर संभाग अध्यक्ष श्रीमति मनीषा जैन ने कहा कि इंदौर संभाग में आईजा महिला विंग का प्रत्येक जिले व तहसील स्तर पर शीघ्र गठन किया जाएगा। उन्होने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को गुरूवर जगत पूज्य गुरुवर निर्यापक श्रवण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में म.प्र के अशोकनगर जिले में राष्ट्रीय स्तर का पत्रकारो का महासम्मेलन एंव जैन महिला पत्रकारो का सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। उक्त सम्मेलन में देशभर से वरिष्ठ पत्रकारो के साथ राजनेता व आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होगें।

## प्रो. सोनल सिंह बेस्ट एलआईएस शिक्षक अवॉर्ड से सम्मानित हुए डॉ. महेंद्र कुमार

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. महेंद्र कुमार को सोशल डेवलपमेंट फेडरेशन आगरा के तत्वाधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में बेस्ट एलआईएस टीचर अवॉर्ड 2025 प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम में उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया । वर्ष 2025 से प्रारंभ हुआ यह पहला सम्मान डॉ. महेंद्र कुमार को प्राप्त हुआ । यह अवॉर्ड प्रो. सोनल सिंह पूर्व संकायाध्यक्ष, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के द्वारा प्रारंभ किया गया है। इस अवॉर्ड कार्यक्रम में सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के कुलपति प्रो. प्रमोद कुमार शर्मा, जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट सुमोधा सिंह, डॉ. रजनीश शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट, प्रो. एम. मधुसूदन दिल्ली

### सिरोंज में मानव अधिकार संरक्षण परिषद ने किया शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन

## श्रेष्ठ गुरुजन का सम्मान करना हमारी संस्कृति का मुख्य हिस्सा: अतुल शाह




**सिरोंज।** मानव अधिकार संरक्षण परिषद द्वारा सीएम राइस स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी अतुल शाह ने कहा कि भारत की संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। प्राचीन काल में गुरुकुल होते थे और आज स्कूल उसी परंपरा की कड़ी हैं। श्रेष्ठ गुरुजनों का सम्मान करना हमारी संस्कृति की पहचान है। गुरु के सम्मान में शिष्यों ने सदैव अपना सर्वस्व अर्पित किया है। तो वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष महेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षक समाज की वह धुरी हैं, जिनके मार्गदर्शन से आने वाली पीढ़ियाँ संस्कारित और सफल बनती हैं। शिक्षक ही बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं। मानव अधिकार संरक्षण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष बोहत ने कहा कि संस्था द्वारा पिछले 25 वर्षों से लगातार जिले के प्रत्येक विद्यालय में जाकर मेधावी छात्रों और शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। यह परंपरा केवल सम्मान तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा जगत में उत्साहवर्धन करने का प्रयास है। विशिष्ट अतिथि अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षक जीवनभर समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। गुरुजनों का आशीर्वाद ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। प्रियंका किरार ने कहा कि आज के दौर में शिक्षक केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं हैं, वे समाज निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। ऐसे में उनका सम्मान करना हम सबका दायित्व है। हाजी नदीम जावेद खान ने कहा कि शिक्षक किसी भी बच्चे की नींव मजबूत करने वाले कारीगर हैं। वे राष्ट्र की रीढ़ हैं और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। दीपक बाजपेई ने कहा कि गुरुजनों का सम्मान करना केवल एक परंपरा नहीं बल्कि यह हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। उनकी मेहनत से ही समाज में उजियारा फैलता है। अरुण अवस्थी ने कहा कि समाज में शिक्षक का स्थान अत्यंत सम्माननीय है। जब तक गुरुजनों का आदर होगा, तब तक समाज में संस्कार और नैतिकता बनी रहेगी।

### 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन दिखे खेल के रोचक नजारे

## बालक वर्ग में जबलपुर -नर्मदापुरम, सागर -जनजाति, रीवा -इंदौर और बालिका वर्ग में भोपाल -ग्वालियर और सागर -इंदौर के बीच मुकाबला



**सिरोंज।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन का खेल रोमांच और जोश से भरपूर रहा। दिनभर मैदान पर कुल लगभग 15 मुकाबले खेले गए, जिनमें बालक व बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। तो वही क्षेत्र में सुबह से तेज धूप बनी रही और शाम को हुई हल्की बूंदाबांदी मे खिलाडियो का प्रदर्शन जारी रहा। जिससे खिलाड़ियों को गर्मी से राहत मिली और खेलों में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं आया।

बालक - बालिका वर्ग ग्रुप ए-बी में हुए यह मुकाबले - इस दौरान बालिका वर्ग ग्रुप ए में पहला मुकाबला नर्मदापुरम - ग्वालियर के बीच हुआ, जिसमें ग्वालियर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-0 से विजय प्राप्त की। दूसरा मैच जबलपुर - भोपाल के बीच हुआ, जिसमें भोपाल ने 5-1 से बड़ी जीत दर्ज की। वही बालिका वर्ग ग्रुप बी का पहला मैच शहडोल -रीवा के बीच खेला गया, जो रोमांचक अंदाज़ में 0-0 से बराबरी पर छूटा। दूसरा मैच जनजाति विभाग -सागर के बीच हुआ, जिसमें जनजाति ने 2-0 से जीत दर्ज की। इसी के साथ तीसरे मुकाबले में इंदौर ने रीवा को 2-0 से हराकर अपनी दावेदारी मज़बूत की। तो वही बालक वर्ग ग्रुप ए में पहला मैच सागर और जबलपुर के बीच हुआ, जिसमें सागर ने 4-1 से शानदार जीत हासिल की। दूसरे मैच में उज्जैन ने जनजाति विभाग को 2-1 से हराकर अपनी बढ़त बनाई। वही ग्रुप बी का पहला मैच रीवा और भोपाल के बीच खेला गया, जो कड़े संघर्ष के बाद 1-1 से बराबरी पर रहा। वहीं दूसरा मैच शहडोल और ग्वालियर के बीच खेला गया, जिसमें शहडोल ने 2-0 से जीत दर्ज की। जिसमें दिनभर खिलाड़ियों ने खेल भावना और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। दर्शक दीर्घा में मौजूद खेल प्रेमियों ने भी तालियों से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही दिनभर विभिन्न विद्यालयों के बच्चे भी समय-समय पर मैदान में पहुँचकर मैचों का आनंद लेते नजर आए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे।

### जनसुनवाई में ऐतिहासिक मानसरोवर तालाब से अतिक्रमण हटाने का दिया ज्ञापन

**ग्यारसपुर।** ऐतिहासिक धरोहर मानसरोवर तालाब पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर सोमवार को जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामवासियों एवं श्रमदानियों ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी के नेतृत्व में दो वर्ष पूर्व श्रमदान कर तालाब की सफाई कर जलकुंभियों को बाहर निकाला गया था। किंतु वर्तमान में तालाब पर कुछ व्यक्तियों (स्थानीय रैकवार समाज) द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर सिंघाड़े की फसल बो दी गई है, जबकि इसके लिए ग्राम पंचायत से कोई अनुमति नहीं ली गई। इस अवैध गतिविधि से तालाब का जल प्रदूषित हो रहा है और इंसानों के स्नान व पशुओं के पीने योग्य नहीं रह जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मजदूर संघ यूनियन के अध्यक्ष रघुवीर सिंह सिसोदिया ने प्रशासन से मांग की है कि ग्यारसपुर की इस प्राचीन धरोहर को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुए सिंघाड़े की फसल हटवाई जाए, जिससे तालाब का जल स्वच्छ एवं उपयोगी बना रहे।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 से होगा शुरू, दो अक्टूबर तक होगी साफ- सफाई

**विदिशा।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। राज्य स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण मिशन संचालक द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जिनके अनुसार तिथिवार कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्रामों में स्वच्छता हेतु 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक अभियान के रूप में क्रियान्वित की जाएगी। इस अभियान का मुख्य उददेश्य ग्रामों में ओडीएफ प्लस के स्थायित्व को बनाए रखना है।

### श्रद्धांजलि सभा एवं मेडिकल कैंप का आयोजन आज

**कुरवाई।** कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे के बड़े भाई स्वर्गीय वीर सिंह सप्रे (टीआई) की पुण्यस्मृति में श्रद्धांजलि सभा एवं मेडिकल कैंप का आयोजन आज बुधवार सुबह 10 बजे पटेल लैंडमार्क बेतवा पुल के पास किया जाएगा। जिसमें भोपाल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा।

### 69 वीं राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में हुए 15 मुकाबले

**विदिशा।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन का खेल रोमांच और जोश से भरपूर रहा। दिनभर मैदान पर कुल लगभग 15 मुकाबले खेले गए बालिका वर्ग ग्रुप ए का पहला मुकाबला नर्मदापुरम बनाम ग्वालियर के बीच हुआ, जिसमें ग्वालियर ने शानदार खेल दिखाते हुए 4-0 से विजय प्राप्त की। दूसरा मैच जबलपुर बनाम भोपाल के बीच हुआ, जिसमें भोपाल ने 5-1 से बड़ी जीत दर्ज की। बालिका वर्ग ग्रुप बी का पहला मैच शहडोल बनाम रीवा के बीच खेला गया, जो रोमांचक अंदाज में 0-0 से बराबरी पर छूटा। दूसरा मैच जनजाति विभाग बनाम सागर के बीच हुआ। जिसमें जनजाति ने 2-0 से जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में इंदौर ने रीवा को 2-0 से हराकर अपनी दावेदारी मजबूत की। बालक वर्ग ग्रुप ए का पहला मैच सागर और जबलपुर के बीच हुआ, जिसमें सागर ने 4-1 से शानदार जीत हासिल की। दूसरे मैच में उज्जैन ने जनजाति विभाग को 2-1 से हराकर अपनी बढ़त बनाई। बालक वर्ग ग्रुप बी का पहला मैच रीवा और भोपाल के बीच खेला गया, जो कड़े संघर्ष के बाद 1-1 से बराबरी पर रहा।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा श्री मोहन सिंह कुशवाह आयु 42 वर्ष पुत्र स्व. श्री लालाराम जी कुशवाह निवासी मकान नं. 03 रायपुरा विदिशा के एंकाकी स्वामित्व व आधिपत्य की ग्राम दौलतपुरा प.ह.न. 38 नया प.ह.न. 3 तहसील जिला विदिशा की सिचिंत आराजी क्र. 34/2/2/4 जिसका वर्तमान आराजी क्र. 34/2/2/3 रक्चा 0.313 हे. जिसकी चतुरसीमाएें निम्न प्रकार है पूर्व में 12 फिट रास्ता वाद भूमि छोटी वाई, पश्चिम में आराजी क्र. 34/1/1, उत्तर में आराजी क्र. 34/2/2/2 तथा दक्षिण में आराजी क्र. 34/2/2/4 हे. भूमि को क्रय करने का अनुबंधपत्र संपादन करा लिया है व व्याना राशि अदा कर दी है जिसके वावत धुव्र चतुवेर्दी आयु 39 वर्ष पुत्र श्री रमेश कुमार चतुवेर्दी निवासी डंडापुरा गली नं. 02 विदिशा द्वारा दिनांक 31.05.25 को अपनी सहमति भी प्रकट कर दी थी अब मेरे पक्षकार को अवशेष राशि का अतिशीघ्र भुगतान कर विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है यदि उक्त वर्णित भूमि के वावत किसी भी व्यक्ति विशेष बैंक संस्था, सोसायटी का कोई ऋण भार या अनुबंध या बंधक नामा हो अथवा उक्त भूमि वावत कोई भी दीवानी अथवा राजस्य वाद विचाराधीन हो या कोई भी उक्त सम्पत्ति में अपना हित रखता हो तो या किसी भी प्रकार से उक्त मकान के स्वत्व व आधिपत्य को चैलेंज करता हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 3 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ती मेरे कायालीन समय में अपने असल दस्तावेजो सहित जिस पर वह अपना क्लेम करता हो प्रस्तुत करें अन्यथा वाद गुजरने म्याद मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भूमि के विक्रयपत्र का सपांदन करा लेवेंगा तदपश्चात कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी तथा ऐसी स्थिती में सबंधित को होने वाले हर्जे खर्चे व परिणामों का उत्तरदाईत्व ऐसे व्यक्ति स्वंय का होगा अतः सूचित हो।

भवदीय दीपक कुमार गर्ग एडवोकेट
गर्ग लॉ चेम्बर, 146 शास्त्री नगर विदिशा
मो नं. 9827046355

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित सांगुल शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 342/30/06/1967. सूचना दिनांक: 9/9/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित सांगुल के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 23/9/2025 दिन मंगलवार को समय दोपहर 1 बजे स्थान समिती मुख्यालय सांगुल पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — केशब तियागी, समिति प्रबंधक

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित भगवानपुर शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 96/28/01/1963 सूचना दिनांक.9/9/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित भगवानपुर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 22/9/2025 दिन सोमवार को समय दोपहर 1 बजे स्थान समिती मुख्यालय भगवानपुर पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — सुन्दर सिंह राजपूत, समिति प्रबंधक

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित डंगरबाड़ा शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 465/10/12/1992 सूचना दिनांक 9/09/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित डंगरबाड़ा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 22/9/2025 दिन सोमवार को समय दोपहर 3 बजे स्थान समिती मुख्यालय डंगरबाड़ा पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — बृजेश धाकड़, समिति प्रबंधक

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित बरखेडा जागीर शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 328/05/05/1967 सूचना दिनांक 9/9/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित बरखेडा जागीर के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 23/9/2025 दिन मंगलवार को समय दोपहर 11 बजे स्थान समिति मुख्यालय बरखेडा जागीर पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — बाबू सिंह राजपूत, समिति प्रबंधक

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित शमशाबाद शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 102/16/02/1967 सूचना दिनांक.9/09/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित शमशाबाद के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 22/9/2025 दिन सोमवार को समय दोपहर 11 बजे स्थान समिती मुख्यालय शमशाबाद पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — राजेन्द्र सिंह राजपूत, समिति प्रबंधक

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित इमलिया जागीर शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 824/24/03/1967 सूचना दिनांक.8/09/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित इमलिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 24/9/2025 दिन बुधवार को समय दोपहर 3.30 बजे स्थान समिती मुख्यालय इमलिया जागीर पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — जानकी प्रसाद, समिति प्रबंधक

**कार्यालयः प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्यादित हैदरगढ़, जिला विदिशा**

पंजीयन कमाक-329, दिनांक 15/11/ 1988 दिनांक 6/9/2025

// वार्षिक आमसभा साधारण सभा दिनांक - 20/09/2025 //

प्राथमिक - वनोपज सहकारी समिति मर्यादित हैदरगढ़ की 2025 की वार्षिक साधारण सभा- आम सभा की बैठक दिनांक 20/09/2025, दिन-शनिवार को समय - 12:30 बजे (दोपहर) समिति-कार्यालय हैदरगढ़ में आयोजित की जा रही है। वनोपज सहकारी समिति हैदरगढ़ के समस्त सदस्यगणों समिति संचालकों जनप्रतिनिधियों अधिकारियों की उपस्थिति प्राथनीय है। कोरम के अभाव में आधे घण्टे बाद पुनः बैठक उसी स्थान पर आयोजित की जावगी। जिसके लिए गणपूर्ति होना आवश्यक नही होगा।

कन्छेदीलाल
प्रबंधक प्राथमिक वनोपज सहकारी
समिति मर्यात हैदरगढ़

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित वर्धा शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 210/07/02/1963 सूचना दिनांक .8/09/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित वर्धा के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 24/9/2025 दिन बुधवार को समय दोपहर 12.30 बजे स्थान समिती मुख्यालय वर्धा पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — पूजा मीना, समिति प्रबंधक

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित पीपलधार शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 361/29/02/1967 सूचना दिनांक 8/9/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित पीपलधार के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 24/9/2025 दिन बुधवार को समय दोपहर 02 बजे स्थान समिती मुख्यालय पीपलधार पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — पुरुषोत्तम शर्मा, समिति प्रबंधक

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पैक्स-सांकलखेड़ाकलां, शाखा-देवखजूरी**

पंजी. क्र. 460/10.12.92

वार्षिक आमसभा सूचना

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पैक्स- सांकलखेड़ाकलां, शाखा-देवखजूरी के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 24.09.2025 दिन बुधवार को स्थान समिति कार्यालय भवन पैक्स-सांकलखेड़ाकलां, शाखा-देवखजूरी पर दोप. 1 बजे से रखी गई है। कोरम के अभाव में स्थागित शुदा मीटिंग आधा घंटे पश्चात् पुनः नियत स्थान पर ही होगी। समस्त सदस्यों को सभा का विस्तृत एजेंडा साधारण डाक से भेजा जा रहा है।

प्रबंधक, शुभम रघुवंशी — प्रशासक, किशोर कुमार अहरवाल

**बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खम्मूखेड़ी शाखा देवखजूरी**

पंजीयन क्रमांक 458-22/09/1967 दिनांक: 08.09.2025

वार्षिक साधारण आमसभा

बहुउददेशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति खम्मूखेडी शाखा देवखजूरी के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक आमसभा दिनाँक 22/09/25, दिन सोमवार को समय दोपहर 12 बजे स्थान खेरूआ हाट में आयोजित की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटा पश्चात् होगी। समस्त सदस्यों को साधारण डाक से सूचना दी गई है, बैठक में आपकी उपस्थिति आवश्यक है।

रूचिता सोनी, समिति प्रबंधक — किशोर कुमार अहरवाल, समिति प्रशासक

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित बिछिया शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 1420/27/02/1967 सूचना दिनांक 8/09/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित बिछिया के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 24/9/2025 दिन बुधवार को समय दोपहर 11 बजे स्थान समिती मुख्यालय बिछिया पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — सौदान सिंह कुशवाह, समिति प्रबंधक

**बहु उद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिती मर्यादित सतपाड़ाहाट शाखा शमशाबाद जिला विदिशा मध्यप्रदेश**

।। वार्षिक आमसभा सूचना ।।

पंजीयन क्रमांक 85/24/03/1967 सूचना दिनांक 9/9/2025

बहु उद्देशीय प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्यादित सतपाड़ाहाट के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक आमसभा की बैठक 23/9/2025 दिन मंगलवार को समय दोपहर 3 बजे स्थान समिती मुख्यालय सतपाड़ाहाट पर आयोजित की गई है। गणपूर्ति के आभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आमसभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधे घंटे पश्चात होगी बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

एम एस भदौरिया, प्रशासक/अध्यक्ष — राजेश चौहान, समिति प्रबंधक

## खबर संक्षेप

### सीएम ने श्रमिकों के खाते में डाली अनुग्रह राशि

**रायसेन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मंगलवार को मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 7,953 श्रमिक परिवारों को अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरण की। सीएम डॉ यादव द्वारा संबल योजना के तहत रायसेन जिले के 78 हितग्राही परिवारों के बैंक खाते में एक करोड़ 65 लाख रूपए की सहायता राशि डाली गई। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित वीसी कक्ष में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय, श्रम पदाधिकारी जीएस मेहदेले तथा हितग्राहियों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ यादव के उद्बोधन का लाईव प्रसारण देखा वा सुना गया।

### ट्रांसफार्मर से टकराई बस, बड़ा हादसा टला

**बरेली।** नए बस स्टैंड के सामने मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार न्यू रॉयल स्टार बस सडक़ किनारे लगे ट्रांसफार्मर से टकरा गई। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टक्कर में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन सौभाग्य से किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बस चालक ने संतुलन खो दिया, जिससे यह हादसा हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बस को हटवाने के साथ ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई, ताकि कोई बड़ा नुकसान न हो। यदि टक्कर के बाद ट्रांसफार्मर फट जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### गलत खानपान से बिगड़ रही दिल की सेहत, 30 दिन में 10 को आया अटैक

# जिले में बढ़े सांस लेने में तकलीफ और सीने में दर्द के साथ बीपी के मरीज

*जिले में 30 दिन में 10 लोगों को हार्ट अटैक आया है, जिनमें से 9 लोगों ने जान गंवाई है। बीते रविवार को एक रिटायर कर्मचारी की हृदय गति रुकने से मौत हो गई थी। वे दवा लेने परिवार के साथ भोपाल जा रहे थे, लेकिन अचानक उन्हें रास्ते में ही अटैक आ गया और निधन हो गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भागदौड़ भरी जिंदगी में गलत खान-पान और अधिक तनाव ब्लडप्रेशर का कारण बन रहा है। हर घर में ब्लड प्रेशर के एक या दो मरीज मौजूद हैं। अस्पताल की लैब में रोजाना 30 से 40 ईसीजी जांच के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें 70 प्रतिशत हाई बीपी और 30 प्रतिशत लो बीपी के मरीज शामिल हैं। महीने में 200 से अधिक मरीजों को गंभीर हालत में भर्ती कराया जा रहा है। हार्ट अटैक के मामलों में भी वृद्धि हुई है। 30 दिन में ही 10 लोगों को अटैक आया, जिसमें से 9 लोगों की मौत हो गई।

सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे ने बताया कि वसा और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थ, कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं, जिससे हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। जिससे हार्ट पीड़ित मरीज की मौत हो जाती है।

#### अनियमित जीवन शैली बताई जा रही कारण

अनियमित जीवन शैली बताई जा रही है हार्ट के मरीज बनने का कारण। रोजाना जिले के तीन से चार युवाओं को मिल रही है हार्ट पेशेंट बनने की बुरी खबर।



#### दो युवाओं की मौत, लोगों को कर रही सजग

जिले की सुल्तानपुर तहसील के गांव से आकर स्टोर चलाने वाले एक 28 वर्षीय युवक को शादी के दिन पांव पखराई रस्म के दौरान हार्ट अटैक आ गया था और मंडप में ही उसकी मौत हो गई थी। मंगलवार 9 सितंबर को हवलदार रामपाल सिंह बागड़ी की ड्यूटी के दौरान सुबह करीब सवा 11 बजे वह एक्सरे रिपोर्ट उठाने के लिए जिला अस्पताल पहुंचा, तभी उसके सीने में दर्द उठा। हवलदार बागड़ी को सीपीआर भी

हवलदार रामपाल सिंह



दिया गया, लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। फिर लोगों की मदद से उसे ट्रामा सेंटर ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। यह घटनाएं समाज में संदेश दे रहीं हैं कि युवाओं को अब सजग हो जाना चाहिए। इसी तरह बरेली में एक एएसआई पुलिस पेट्रोलिंग के लिए एक पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाकर सड़क से जा रहे थे, तभी उन्हें साइलेंट अटैक आया। चक्कर खा कर बाइक से जमीन पर गिरते ही दम तोड़ दिया था।

#### हार्ट प्रॉब्लम के संकेत

- सीने में दर्द महसूस होना।
- हार्ट तरफ का कंधा व हाथ में दर्द।
- पसीना आना और घबराहट होना।
- जबड़े में दर्द महसूस होना।
- चलने-फिरने पर सीने में दर्द व सांस फूलना।

#### हार्ट अटैक से बचाव के तरीके ...

- 1 हजार कदम रोजपैदल चलना चाहिए ।
- धूम्रपान व अल्कोहल से बचें।
- कोलेस्ट्रॉल का स्तर बनाए रखें।
- रोजाना व्यायाम करें।
- तनाव न लें और संतुलित आहार लें।

#### इनका कहना है

दिल की बीमारी का मुख्य कारण गलत खान पान और मानसिक तनाव है। प्रतिदिन योगाभ्यास करते रहें और खाने में सामान्य चीजों को शामिल करें। गलत खानपान से कॉलस्ट्रोल बढ़ रहा है। युवाओं को खासकर बाहरी खाने से दूरी बनानी चाहिए।

**- डॉ एमएल अहिरवार,** हृदय रोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल रायसेन।

## नर्मदा क्षेत्र में लगातार बारिश से बिगड़ी सड़कों की हालत

### लंबे-चौड़े, गहरे गड्डों में तब्दील प्रमुख सड़कें



#### ◆ बिगड़ रहा वाहनों का संतुलन, टूटफूट से आर्थिक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

जून से अगस्त तक संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में जमकर बारिश होने से नदी नालों का जल स्तर बढ़ने और निचले हिस्सों में जल भराव से सबसे अधिक सड़के क्षतिग्रस्त हुई। ग्रापं. में बनी सडक़ो के साथ ग्रामीण क्षेत्र की प्रधानमंत्री सडक़े, मुख्यमंत्री सडक़ो के साथ पीडब्लूडी के अन्तर्गत आने वाली सडक़ो की हालत गड्डों से छलनी और वाहन चालकों के लिए परेशानी और वाहनों का संतुलन बिगडने और टूटफूट से आर्थिक नुकसान का कारण बन रहा है।

बरेली से किनगी छींदधाम मार्ग, फोरलेन से छींदधाम मार्ग, कामतोन से मेहरागांव कलां, उदयगिरी एवं बापौली मार्ग, खरगोन से जामगढ़ भगदेई मार्ग, बाग पिपरिया से उंटिया छबारा, केतोघान मार्ग, नर्मदा पुल से मांगरोल, सर्रा, सतरावन, डूमर मार्ग, बरेली से गुरारिया, मगरधा मार्ग, धोखेड़ा से बगलवाडा मार्ग, समनापुर जांगीर से लांझी अकोला, मौतलसिर मार्ग, बरेली से गगनवाडा चैनपुर मार्ग की हालत अत्याधिक क्षतिग्रस्त जर्जर और गड्डों ही गड्डों के कारण वाहन तो क्या लोगों का पैदल चलना भी जोखिम भरा बना हुआ है।

#### जोखिम भरी स्थिति, मरम्मत सुधार जरूरी -

प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री एवं ग्राम सडक़ योजना, पीडब्लूडी के अधीन आने वाली अधिकांश पक्की सडक़ो पर गड्डो ही गड्डो के कारण कीचड मिट्टी की अधिकता में वाहनों का संतुलन बिगड रहा है। जिस प्रकार क्षेत्र की अधिकांश सडक़े क्षतिग्रस्त हुई, ट्रेक्टर ट्रालियों एवं अन्य वाहनों के आवागमन से गड्डों का आकार बढने के साथ और अधिक क्षतिग्रस्त बर्बाद हो रही है। सुगम एवं सुरक्षित यातायात के लिए सडक़ो का व्यापक स्तर पर मरम्मत और सुधार की मांग उठ रही है।

## मौसम में हो रहा बदलाव, अस्पतालों में मरीजों की भीड़

### तापमान में उतार-चढ़ाव से सेहत पर असर, लोग हो रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्वार का महीना शुरू होने के साथ मौसम में बदलाव आने लगा है। बारिश न होने से दिन का तापमान अधिक और रात का तापमान कम होने के साथ मच्छरों, मकडिय़ों की अधिकता से निवासी हैरान परेशान बने नजर आ रहे है। थोडी सी असावधानी सेहत पर भारी पडने के साथ सिविल अस्पताल, प्रायवेट डॉक्टरों, अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लग रही है।

बारिश की समाप्ती और शीत काल शुरू होने के बीच क्वार का महिना बीमारियां फैलने और लोगो के बीमार होने के लिए जाना जाता है। बारिश की विदाई के संकेत भी मिलना शुरू हो गए है। खेतों में कांस फूलने के साथ मकडिया जहॉ देखो वहॉ नजर आने के साथ जाले बनाने लगी है।

इस वर्ष मकड़ियों का प्रकोप कुछ अधिक ही नजर आ रहा है। इसी के साथ नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र रूके पानी में तेजी से मच्छर और जीव जंतुओं की संख्या बढ़ रही है। बना माहौल लोगो के बीमार होने सर्दी, जुकाम, बुखार, वायरल फीवर आने के साथ पेट की खराबी गडबडी का कारण बन रहा है।



#### बारिश की विदाई, बीमारों की बढ़ रही संख्या -

सितम्बर माह का दूसरा सप्ताह चल रहा है। 15 सितम्बर तक बारिश का सीजन माना जाता है। बारिश की विदाई और कुंवार का महिना शुरू होते ही एक बार फिर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बीमारों की बढ़ती संख्या चिन्ता का कारण बन रही है। धान के खेतों में पानी भरा रहने के साथ गांवो में गंदगी साफ सफाई का अभाव लोगो के बीमार पडऩे का कारण बन रहा है। मच्छरों, जीव जंतुओं एवं मकडियों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण के लिए दवाओं का छिडकाव, फाङ्गषगग मशीन से धुंआ कर नियंत्रण जरूरी माना जा रहा है।

### जनसुनवाई में ग्रामीणों ने दिया आवेदन...

## नदी पर बने रिपटा के स्थान पर पुल निर्माण कराने व सड़क की ऊंचाई बढ़ाने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तहसील के ग्राम नीगरी के ग्रामीणों ने मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचकर अधिकारियों को एक आवेदन सौंपा तथा नदी पर निर्मित रिपटे के स्थान पर पुल का निर्माण कराने की मांग की।

आवेदन में उल्लेख किया है कि सिलवानी-नीगरी-सोजनी धाम रोड का निर्माण लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सिलवानी द्वारा किया है जिसमें सौजनी-नीगरी के बीच बहने वाली नदी पर रिपटा बनाया गया है। बारिश में थोड़ा पानी गिरने पर बेगम नदी पर बने रिपटे के ऊपर से पानी जाने लगता है। नीगरी से सौजनी धाम सड़क को कम उंचाई से बनाई है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है। रोड निर्माण कंपनी एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा जो रिपटा बनाया गया है वह काफी नीचा है और उसके स्थान पर जनहित में बड़े पुल का निर्माण कार्य करवाया जावे ताकि आने वाले आमजन, स्कूल जाने वाले बच्चो एवं श्रृद्धालुओ को सुविधा प्राप्त हो सके।



आवेदन मे उल्लेख किया है कि रोड को बने हुए लगभग 5 वर्ष हो गए है और गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है। इस सड़क के दोनों और जो साइडे है वह काफी नीचे है, जिस कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इसलिए लाल कोपरा डलवाकर साइडो को ऊंचा उठवाया जाए, ताकि दुर्घटना से बचाव हो सके। आवेदन में सड़क की उंचाई बढ़ाने तथा पुल का निर्माण कराए जाने की मांग की गई हैं।

## भोपाल-विदिशा हाईवे पर हुए गहरे गहरे गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर बारिश के दिनों में मुख्य सड़क पर कई जगह खतरनाक गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों के कारण दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। इन दिनों क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से सड़कों का बुरा हाल है। कई जगह सड़क की गिट्टियां निकल चुकी हैं, जिससे फिसलन बढ़ गई है।

कई मुख्य मार्गों और चौराहों में गहरे गड्ढे हो गए हैं। इनमें बारिश का पानी जमा होने के कारण गड्ढे की गहराई का पता चलना मुश्किल है। ऐसे में यदि कोई वाहन चालक गड्ढे से होकर गुजरता है तो दुर्घटना होना तय है। भोपाल भानपुर से लेकर हाईवे 146 तक लगभग 40 किलोमीटर हाईवे की सड़क पर जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। यहां गड्ढे छोटे नहीं है बल्कि आठ आठ इंच गहरे है, जिसमें बस हो या ट्रक के पाइए धस जाते हैं विदिशा से सागर तक पहुंचने के लिए इसी मार्क का उपयोग किया जाता है। मगर गड्ढों ने आमजन की रहा मुश्किल कर दी है इन गड्ढों को भरने के लिए जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने अब तक कोई पहल नहीं की है। जबकि हर दिन इस मार्ग से आला अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। अब तो भदभदा पर टोल टैक्स स्थापित हो गया है जो कमर्शियल वाहनों से टैक्स लिया करता है।



हाईवे 18 से रोज 10 से 12 हजार वाहन निकल रहे हैं, जिनसे लाखों रुपए वसूल किया जा रहे हैं। हल्के कमर्शियल वाहन से 65 रुपए खली और बड़े हुए ट्रक से 165 रुपए तो मल्टी एक्सल वाहन से 325 रुपए वसूले जा रहे हैं। इसके बावजूद भी गड्ढों को नहीं भरा जा रहा है।

इन गड्ढों में मोटरसाइकिल का पहिया पहुंच जाए तो वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिरकर घायल हो जाता है। कभी-कभी तो मोटरसाइकिल वाले व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो जाए करती है ऐसे में कई बार दुर्घटना बड़ा रूप भी ले लेती है।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को सुनकर किया निराकरण

**रायसेन।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा लोगों की समस्याओं को सुनकर निराकरण किया। कलेक्टर ने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही कर समस्याओं को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की विभिन्न तहसीलों से आए नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए वीसी से संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान निर्देशित किया। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर तथा अनेक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपयंत्री आने से होंगे महीनों से रुके हुए काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांची

नगर परिषद में बीते 4 महीने से उपयंत्री का पद खाली था। इसके अभाव में नगर में विकास कार्यों की गति पर ब्रेक लग गया था। पूर्व में जो उपयंत्री पदस्थ थे उनकी सेवानिवृत होने के बाद यह पद बीते 4 महीने से खाली था, नगर परिषद के अध्यक्ष एवं पार्षदों ने नगरीय निकाय विभाग में उपयंत्री पदस्थ करने की मांग को लेकर कई बार आवेदन दिए। अब जाकर बाड़ी नगर परिषद में पदस्थ उपयंत्री राजेंद्र सिंह स्वर्णकार को नप सांची में भी अस्थाई रूप से सप्ताह में दो दिन के लिए पदस्थ किया है। उपयत्री राजेंद्र सिंह ने नप अध्यक्ष पप्पू रेवाराम के साथ नगर के वार्ड 6 एवं 13 में चल रहे विकास कार्यों को देखा। जो भी काम पूर्व से ही स्वीकृत थे एवं चालू थे उनकी गुणवत्ता को देखा।



उपयंत्री के आने के बाद नगर में विकास कार्यों की गति को बढ़ावा मिलेगा। जो भी काम अभी उप यंत्री के अभाव में लंबित हैं वह सभी शीघ्र शुरू होंगे।

## क्षमा वाणी पर्व पर समाजसेवियों और प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

तारण तरण जैन समाज सिलवानी द्वारा होली चौक स्थित तारण तरण जैन धर्मशाला में क्षमा वाणी पर्व के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समाज की परंपराओं, धार्मिक मूल्यों और आपसी सौहार्द को समर्पित रहा। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं एवं समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्तित्वों का सम्मान कर उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद कुमार जैन ने की, जबकि मंच संचालन की भूमिका समकित शास्त्री ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में सुमित जैन सेठी कलेक्शन ने समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज के अनेक वक्ताओं ने क्षमा वाणी पर्व के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।



#### शॉल श्रीफल से सम्मान

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं एवं समाजसेवियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाज के मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। यह पहल समाज में नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम रही। इस आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएँ, युवा व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने जिला अस्पताल का भ्रमण कर देखीं व्यवस्थाएं

## मरीजों को तुरंत उपचार उपलब्ध कराने के लिए हुई मॉकड्रिल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को जिला अस्पताल रायसेन में मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें एंबुलेंस से मरीज को अस्पताल लाकर तत्काल इलाज दिया गया।

कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने मॉक ड्रिल के दौरान मरीज को एम्बुलेंस से लाकर स्ट्रेचर के माध्यम से आईसीयू वार्ड में भर्ती कर त्वरित जांच और उपचार की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

उन्होंने जिला अस्पताल में आईसीयू वार्ड, पैथालॉजी लैब सहित अन्य वार्डों में जाकर व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। साथ ही मरीजों से भी संवाद किया। उन्होंने सीएमएचओ तथा सिविल सर्जन से भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

मॉकड्रिल में एक एम्बुलेंस सायरन बजाते हुए जिला अस्पताल पहुंची, जिसमें मरीज के तौर पर एक कर्मचारी मौजूद था। अस्पताल के डॉक्टर्स और कर्मचारी तुरंत हरकत में आए, स्ट्रेचर लेकर मरीज को एम्बुलेंस से उतारा और आईसीयू में ले जाकर तुरंत इलाज शुरू किया।

#### इमरजेंसी में घायलों, मरीजों को मिल सकें तुरंत इलाज इसलिए की मॉकड्रिल

सीएमएचओ ने बताया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से आपातकालीन स्थितियों का अनुकरण करके घायलों या मरीजों को वास्तविक घटनाओं के दौरान किस प्रकार त्वरित रूप से प्रभावी उपचार दिया जा सकता है, इसका पूर्वाभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल से आपातकालीन परिस्थितियों में अस्पताल के कर्मचारियों की त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय का आंकलन किया जाता है।